(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;

(ग) उन प्रयासों के परिणामस्वरूप राज्य-वार कितनी नई रेल लाइनें बिछाई गई हैं;

(घ) इस रेल लाइन की लम्बाई कितने किलोमीटर है और यह किस नाम से जानी जाती है; और

(ङ) सरकार अगले वर्ष में किन-किन कार्यों को करने का विचार रखती है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) से (ङ) : सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

रेल-यार्डों में सामान की चोरी

3942. **श्री गोपालसिंह जी० सोलंकी** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को यह जानकारी है कि रेल-यार्डों में माल के चढ़ाने/उतारने की प्रक्रिया में सामान की चोरी होती है;

(ख) यदि हां, तो रेल-यार्डों में जोन-वार कितने मूल्य का सामान चोरी हुआ है;

(ग) इस संबंध में कितने अधिकारी दोषी पाए गए हैं; और

(घ) दोषी व्यक्तियों को जोन-वार क्या दण्ड दिया गया है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) (क) रेलवे यार्डों में माल का लदान तथा उतराई नहीं की जाती है ।

(ख) से (घ) : प्रश्न नहीं उठता ।

कोंकण रेल बाण्ड

3943. **डा० बापू कालदाते** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सच है कि सरकार कोंकण रेल बाण्डों की ब्याज की दर में वृद्धि करने का विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो ब्याज की मौजूदा दर कितनी है और सरकार उसमें कितनी वृद्धि करने का विचार रखती है;

(ग) क्या सरकार उन लोगों को भी इन ब्याज की बढ़ी हुई नई दर का लाभ प्रदान करेगी जिन्होंने ये बाण्ड पहले ही खरीदे हुए हैं;

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) करमुक्त बांडों पर ब्याज की दर में वृद्धि करने के संबंध में एक प्रस्ताव सरकार के पास लम्बित है ।

(ख) मौजूदा दरें 9 प्रतिशत कर मुक्त और 13 प्रतिशत कर योग्य हैं । किसी तरह की वृद्धि करने के संबंध में अभी तक कोई निर्णय नहीं किया गया है ।

(ग) जी नहीं ।

(घ) और (ङ) : प्रश्न नहीं उठता ।

Railway bridge across Ganga in Bihar

3944. SHRI INDER KUMAR GUJRAL: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether Government propose to build a new railway bridge across the Ganga in Bihar;

(b) if so, the location of the bridge and whether the survey for the same has been completed; and